हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 4 नवंबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 लोकतंत्र के प्रति जागरूक और लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के ...



07 स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान में जिले में अब तक 57,620...



खबर संक्षेप

सीहोर बॉयज ने सीहोर क्लब को हराया

सीहोर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तृतीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन सीहोर क्लब और सीहोर बॉयज के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में दोनों ही टीमों ने मध्यांतर तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबले के 70 वें मिनट में सीहोर बॉयज की ओर से आदि ने लेफ्ट फुट से फ्री किक पर शानदार गोल दागकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसे प्रतियोगिता का अब तक का सर्वश्रेष्ठ गोल माना गया। इसके बाद आदि ने 80वें मिनट में हेडर के जरिए दूसरा गोल किया। वहीं 86वें मिनट में कॉर्नर किक पर हेडर लगाकर तीसरा गोल दागते हुए प्रतियोगिता की पहली हैट्रिक अपने नाम की। मुकाबले में सीहोर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन चौरसिया ने मध्यांतर के दौरान खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं मुस्कान माझी को बेस्ट मिडफील्डर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

सीहोर। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं गई। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

लसुड़िया परिहार जोड़, सैकड़ाखेड़ा, बिलकिसगंज जोड़, क्रिसेंट चौराहा, कुबेरेश्वर धाम पर होगा चौड़ीकरण

सिंहस्थ 2028 की तैयारी: फंदा टोल से कुबेरेश्वर धाम तक के ब्लैक स्पॉट होंगे खत्म, एमपीआरडीसी कर रही हाईवे का चौड़ीकरण





कुबेरेश्वर धाम के अस्तित्व में आने के बाद उज्जैन में लगने वाला यह पहला कुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

साल 2028 में उज्जैन में लगने वाले महाकुंभ सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए मध्य प्रदेश शासन ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बार का सिंहस्थ सीहोर शहर के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पिछले 8-10 वर्षों में सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम देश भर के श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आस्था का केंद्र बन चुका है। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम भी जरूर आएंगे। इसे देखते हुए भोपाल-इंदौर-उज्जैन मार्ग पर यातायात के भारी दबाव को संभालने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। मध्य प्रदेश सडक़ विकास निगम फंदा टोल प्लाजा से लेकर कुबेरेश्वर धाम तक के मार्ग पर मौजूद खतरनाक ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) चौराहों का चौड़ीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है।



सुधारे जाएंगे ब्लैक स्पॉट

सडक़ सुरक्षा को पुख्ता करने और हादसों पर लगाम लगाने के लिए एमपीआरडीसी द्वारा कई प्रमुख स्थानों पर सडक़ दोनों तरफ से चौड़ी की जा रही है। जिन मुख्य स्थानों पर यह काम होना है उनमें लसुडिया परिहार चौराहा, सैकड़ाखेड़ी चौराहा, बिलकिसगंज चौराहा, क्रिसेंट चौराहा, चौपाल सागर और कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र शामिल हैं।

यात्री बसों और वाहनों के लिए पर्याप्त जगह

इन सभी भीड़भाड़ वाले और दुर्घटना संभावित स्थानों पर सडक़ के दोनों किनारों पर चौड़ीकरण किया जा रहा है, ताकि यात्री बसें और अन्य वाहन सुरक्षित तरीके से खड़े हो सकें। अक्सर मुख्य सडक़ पर अचानक बसें रुकने से ट्रैफिक जाम और पीछे से टक्कर होने का खतरा रहता है, जिससे निजात मिलेगी।

ब्लैक स्पॉट पर लगेगा हादसों पर अंकुश

फंदा टोल से कुबेरेश्वर धाम के बीच का यह हिस्सा सडक़ हादसों के लिहाज से संवेदनशील रहा है। इन चौराहों को री-डिजाइन किया जा रहा है। सर्कल बनाकर वाहनों की गति को नियंत्रित किया जाएगा ताकि सफर पूरी तरह सुरक्षित हो सके।

सिंहस्थ 2028 का भारी ट्रैफिक दबाव

महाकुंभ सिंहस्थ के दौरान भोपाल-भोपाज की तरफ से आने-जाने वाला ट्रैफिक इसी रूट से आगे बढ़ेगा। इसके अलावा कुबेरेश्वर धाम में रोजाना उमडऩे वाली भारी भीड़ को देखते हुए भविष्य के ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए यह अग्रिम चौड़ीकरण बेहद जरूरी था। शासन और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की असुविधा या जाम का सामना न करना पड़े और उनका सफर सुगम व सुरक्षित हो सके।

कार्य तेजी से जारी है...

हाईवे पर ग्रामीण क्षेत्रों के जिन चौराहों पर ट्रैफिक का दबाव रहता है और आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन सभी चिन्हित स्थानों पर सडक़ चौड़ीकरण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। फिलहाल लसुडिया जोड़ के पास चौड़ीकरण का काम तेजी से जारी है, इसके पूरा होने के बाद अन्य व्यस्त चौराहों पर भी इसी तरह सुधार और चौड़ीकरण के कार्य किए जाएंगे।

संजीव कुमार जैन, एजीएम एमपीआरडीसी

1857 से 33 साल पहले सीहोर में अंग्रेजों से लड़े थे कुंवर चैनसिंह

सुदर्शन व्यास ने 'कंकड़ देवता' में लिखी शौर्यगाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





देश की आजादी के इतिहास में 1857 की क्रांति को भले ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में व्यापक पहचान मिली हो, लेकिन इससे 33 साल पहले भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की एक बड़ी चिंगारी मध्यप्रदेश की धरती पर उठ चुकी थी। यह कहानी है नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैनसिंह की, जिन्होंने वर्ष 1824 में सीहोर की धरती पर अंग्रेजों से लोहा लेते हुए मातृभूमि के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। अब उनकी इसी शौर्यगाथा और बलिदान को सीहोर जिले के युवा लेखक सुदर्शन व्यास ने अपने उपन्यास 'कंकड़ देवता' के माध्यम से शब्दों में पिरोया है। उपन्यास में कुंवर चैनसिंह के मातृभूमि के प्रति समर्पण, स्वाभिमान, अंग्रेजी हुकूमत के सामने झुकने से इनकार और सीहोर के दशहराबाग में हुए ऐतिहासिक संघर्ष का मार्मिक चित्रण किया गया है। इसके साथ ही उनके बलिदान के बाद जनमानस में विकसित हुई आस्था और लोकदेवता के रूप में मिली मान्यता को भी विस्तार से प्रस्तुत किया गया है।

अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार करने से किया था इनकार

नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैनसिंह अंग्रेजों की नीतियों और हस्तक्षेप के विरोधी थे। वर्ष 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी और भोपाल रियासत के बीच हुए समझौते के बाद सीहोर में अंग्रेजी सेना की छावनी स्थापित की गई थी। अंग्रेजी अधिकारियों के साथ बढ़ते टकराव के बीच कुंवर चैनसिंह ने उनकी शर्तें और अधीनता स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अंग्रेजी सेना के साथ उनका संघर्ष हुआ। 24 जुलाई 1824 को सीहोर में हुए इस संघर्ष में कुंवर चैनसिंह ने अपने विश्वस्त साथियों हिम्मत खां, बहादुर खां और अन्य सैनिकों के साथ अंग्रेजी सेना का मुकाबला किया। संख्या और हथियारों में अंग्रेजी सेना के मुकाबले कमजोर होने के बावजूद उन्होंने पीछे हटना स्वीकार नहीं किया और रणभूमि में वीरगति प्राप्त की। यह संघर्ष भारतीय इतिहास में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ शुरुआती प्रतिरोधों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

बलिदान के बाद लोक आस्था का केंद्र बने चैनसिंह

कुंवर चैनसिंह की शहादत केवल एक ऐतिहासिक युद्ध की घटना बनकर नहीं रह गई। समय के साथ वे क्षेत्रीय जनमानस की आस्था का केंद्र बन गए। नरसिंहगढ़ में उनकी समाधि पर आज भी लोग श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं। लोकमान्यताओं में उन्हें लोकदेवता के रूप में स्थान मिला है। मालवा अंचल में उनकी वीरता और बलिदान से जुड़े लोकगीत भी प्रचलित हैं। मध्यप्रदेश में 1857 की क्रांति से लगभग 33 वर्ष पहले अंग्रेजों के खिलाफ हुए इस संघर्ष को स्वतंत्रता आंदोलन के शुरुआती प्रतिरोधों में महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है। कुंवर चैनसिंह की स्मृति को सम्मान देने के लिए वर्ष 2015 से सीहोर स्थित उनकी छतरी पर गार्ड ऑफ ऑनर की परंपरा भी शुरू की गई है।

नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश

लेखक सुदर्शन व्यास का उपन्यास 'कंकड़ देवता' ऐसे वीर योद्धा की कहानी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश है, जिनका योगदान इतिहास में दर्ज होने के बावजूद आम जनमानस में उतनी व्यापक पहचान हासिल नहीं कर सका, जितनी मिलनी चाहिए थी। उपन्यास के जरिए लेखक ने सीहोर की उस ऐतिहासिक धरती और वहां हुए संघर्ष को भी साहित्य के माध्यम से नई पहचान दिलाने का प्रयास किया है। ये उपन्यास ऑनलाइन एवं वेरा प्रकाशन के माध्मय से खरीदा जा सकता है। सुदर्शन व्यास की यह पांचवीं पुस्तक है। इससे पहले उनके तीन काव्य संग्रह और राजनीतिक विमर्श पर आधारित दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें साहित्य जगत में चर्चा मिली है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया उद्घाटन

सीहोर। श्यामपुर विकासखंड के ग्राम जमुनिया कला एवं शेखपुरा में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन माननीय विधायक सुदेश राय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री राय ने स्वास्थ्य सुविधाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ बनाने में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इन स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्राम पंचायत सदस्य एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन मेहर, बीईई एवं संबंधित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के स्वास्थ्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अवैध पटाखों के भंडारण, विक्रय पर की कार्रवाई, दुकान से पटाखे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध पटाखों के भंडारण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम ने तलैया मोहल्ला, कस्बा सीहोर निवासी रफीक अहमद पिता अब्दुल अजीज की दुकान पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में बिना वैध अनुमति एवं लाइसेंस के पटाखों का भंडारण एवं विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर टीम द्वारा मौके पर पटाखों की जब्ती की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई टीआई श्री गिरीश दुबे एवं तहसीलदार अमित सिंह द्वारा संयुक्त रूप से की गई। एसडीएम तन्मय वर्मा ने बताया कि अवैध पटाखों के क्रय-विक्रय एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना एवं दुर्घटना की आशंका को रोकने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला दंडाधिकारी द्वारा जिले में अवैध पटाखों के क्रय-विक्रय, भंडारण एवं निर्माण के साथ-साथ कार्बाइड गन तथा मॉडिफाइड गन के उपयोग एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

6 नवम्बर को दोराहा में शिविर आयोजित

सीहोर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 06 नवम्बर को सीहोर विकासखंड के दोराहा में शिविर आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मअभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित की जाएं।

एसडीएम और सीएसपी ने किया पटाखा बाजार का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम तन्मय वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा ने स्थानीय पटाखा बाजार, बीएसआई मैदान स्थित पटाखा दुकानों एवं अनुभाग क्षेत्र की मैगजीन का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकानों एवं मैगजीन के लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, रेत से भरी बाल्टियां, पानी की व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। उन्होंने दुकानदारों को पटाखों का सुरक्षित भंडारण करने और दुकानों के आसपास ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकानदारों को निर्देशित किया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कार्बाइड गन एवं कार्बाइड लैंप का निर्माण, क्रय-विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति कार्बाइड गन का निर्माण, विक्रय अथवा उपयोग करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पटाखा दुकानदारों से अपील की कि यदि कहीं भी कार्बाइड गन का निर्माण या विक्रय होता दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

हंस दास मठ मंदिर में सीवन अभियान का बैच सम्मान समारोह संपन्न

नदी संरक्षण की नई क्रांति: 10 माह से निरंतर चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीवन नदी संरक्षण अभियान को लेकर हंस दास मठ मंदिर सीहोर में सीवन बैच सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सीवन पुत्र एवं पुत्रियां शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षाविद जयंत दासवानी के मधुर भजनों से हुई। इसके बाद वैभव राठौर, संतोष सिंह सिसौदिया और ललिता कुशवाह ने भी भजन प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन के पश्चात सीवन बैच सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ। वरिष्ठ सीवन सदस्यों राजाराम कसौटिया, गोपाल आर्य, प्रदीप साबू, वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, कैलाश चावड़ा, राजमल राठौर सहित सभी सीवन पुत्र-पुत्रियों ने संत शिरोमणि हरिराम दास महाराज की आरती कर तिलक लगाया।सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने अभियान की रूपरेखा बताते हुए कहा कि 10 माह से निरंतर चल रहा यह अभियान आज एक छोटी सी पहल से राष्ट्रीय अभियान का रूप ले चुका है। उन्होंने नदी संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।इसके बाद माधव सिंह यादव ने सम्मान पत्र का वाचन किया।संत हरिराम दास महाराज ने कहा कि सीवन अभियान अपने चरम पर है और यह नदी संरक्षण के लिए वरदान साबित हो रहा है। सीवन पुत्र-पुत्रियों की टीम ने जो कार्य किया है, वह अद्भुत और अकल्पनीय है। उन्होंने इसे नदी संरक्षण हेतु एक नई क्रांति बताया। राजाराम कसौटिया ने कहा कि यह अभियान प्रकृति संरक्षण की जोरदार पहल है। समाजसेवी जयंत दासवानी ने कहा कि सीवन की टीम निष्ठा और निस्वार्थ भाव से सेवा में लगी है।कार्यक्रम के अंत में सीवन पुत्र-पुत्रियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जयंत दासवानी, माधव सिंह यादव, ललिता कुशवाह, भगवती चावड़ा, मुकेश कुशवाह, गजराज सिंह, राहुल राय, देवेंद्र राय, प्रेमराम, राजकुमार सोनी, हरिनारायण सोनी, वैभव राठौर, शंकर ठाकुर, मुकेश राय, कैलाश चव्हाण, राधेश्याम मकवाना, जगदीश वर्मा, प्रकाश यादव, कनीराम मालवीय, योगेंद्र राय, प्रदीप चावड़ा, गोपाल खत्री, राजमल राठौर, अशोक खत्री, संतोष मेवाड़ा, कैलाश चावड़ा, अथर्व चावड़ा सहित कई सदस्य शामिल हैं।विशिष्ट अतिथियों राजाराम कसौटिया, गोपाल आर्य, वीरेंद्र सिंह बिसौरिया, प्रदीप साबू आदि का भी बैच लगाकर सम्मान किया गया। आभार कैलाश चव्हाण, प्रकाश यादव एवं जगदीश वर्मा ने व्यक्त किया।

खबर संक्षेप

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिला आर्थिक संबल

सीहोर। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत हितग्राही आशा कलमखेड़ा, स्वर्गीय कृष्णा के बैंक खाते में बीमा राशि सफलतापूर्वक जमा हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ। सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि यह योजना केवल बीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के कठिन समय में आर्थिक सुरक्षा एवं संबल प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से संचालित इस योजना का लाभ पात्र हितग्राही के परिवार तक पहुँचना सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय पहल है। डॉ। डेहरिया ने कहा कि ऐसी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना शासन की जनकल्याणकारी मंशा को साकार करता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

ख्याति ने राज्य स्तरीय तैराकी में जीता गोल्ड राष्ट्रीय टीम में चयन

देवास। देवास के लिए गौरव का क्षण। ग्वालियर में 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता में प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल की कक्षा 7वीं की छात्रा ख्याति राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है।ख्याति ने अपनी उत्कृष्ट तैराकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत युवा संपर्क कार्यक्रम शुरू

लोकतंत्र के प्रति जागरूक और लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के लिए कर रहे प्रेरित

संदीपनी स्कूल में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शुरू किया अभियान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव में भाग लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने अधिकारों को समझने, जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने से भी जुड़ी है। इसी विषय को केंद्र में रखकर बुधवार को इछावर में संदीपनी स्कूल में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने भी उत्साह के साथ भाग लिया और लोकतंत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। छात्राओं ने शिक्षा को मौलिक अधिकारों की समझ विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया। उनका कहना था कि शिक्षित और जागरूक युवा अपने अधिकारों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

युवाओं को लोकतंत्र से जोड़ने की पहल

युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता विष्णु करण सिंह वर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे भारत में आयोजित किये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य युवाओं के बीच पहुंचकर उन्हें लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं को एकत्रित कर लोकतंत्र के प्रति जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उनके अनुसार, लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी युवाओं तक पहुंचाना और उन्हें इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है।उन्होंने लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश किये जाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने विपक्ष पर युवाओं को भ्रमित कर देश में अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों के प्रति युवाओं को जागरूक करना जरूरी है। ये उनके राजनीतिक विचार और आरोप थे, जिन्हें उन्होंने कार्यक्रम के दौरान रखा।

छात्राओं ने शिक्षा को बताया अधिकारों की समझ का माध्यम

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू छात्राओं की भागीदारी रही। छात्राओं ने लोकतंत्र को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि इसे मजबूत बनाने में शिक्षा की अहम भूमिका है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों को समझ सकता है और उनका सही उपयोग करना सीख सकता है। छात्राओं के विचारों में लोकतंत्र और शिक्षा के बीच संबंध प्रमुखता से सामने आया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जागरूक नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में युवाओं को संविधान, अधिकारों और नागरिक जिम्मेदारियों की जानकारी देना उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में उपयोगी हो सकता है। स्कूल में आयोजित इस संवाद के माध्यम से छात्राओं को लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में युवाओं की जागरूकता और शिक्षा के प्रसार को लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी बताया गया, युवा मोर्चा महामंत्री हर्षित मेवाडा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि एसआईआर को लेकर विपक्ष की ओर से किए जा रहे भ्रामक प्रचार की सच्चाई जनता के सामने रखी जाएगी।

छात्र-छात्राओं को वितरित किए उपहार

कार्यक्रम में भाषण व निबंध प्रतियोगिता व अन्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा नेता विष्णु करण सिंह वर्मा शामिल हुए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सुराना, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री हर्षित मेवाडा, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री अमित मीणा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पप्पू नागर, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। इनके अलावा भाजपा और भाजयुमो के कई पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल प्राचार्य, शिक्षकगण छात्र व छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

बिगड़ती कानून-व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और देवास जिले में शराब माफिया द्वारा पुलिस अधिकारी खाते गांव के टीआई दिलीप पुरी की हत्या के विरोध में सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कोतवाली चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और माफिया राज समाप्त करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कोतवाली चौराहे पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाई और प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों और माफियाओं के हौसले बुलंद हैं तथा अब पुलिस अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि मध्यप्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जब पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने प्रदेश सरकार से माफियाओं को संरक्षण देना बंद करने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश में बढ़ते अपराधों और माफियाओं के आतंक पर शीघ्र अंकुश नहीं लगाया गया, तो कांग्रेस जिला स्तर पर व्यापक आंदोलन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, राजेन्द्र वर्मा, विवेक राठौर, सुनील दुबे, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, निशांत वर्मा, नरेन्द्र खंगराले, रामायण प्रसाद शुक्ला, प्रेमनारायण परमार, मजीद अंसारी, इरफान लाला, मांगीलाल टिमरई, केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, मोनू शर्मा, ब्रजेश पाटीदार, विजय चौहान, सोनु विश्वकर्मा, मनीष मेवाड़ा, हरिओम सिसोदिया, शुभम त्यागी, तनिश्क त्यागी, लक्की सक्सेना, नायाब खान, विनोद दुबे, राहुल गोस्वामी, अरबाज खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

विधायक सुदेश राय ने किया 2 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्रामीण क्षेत्र मुंजखेड़ा, जमुनिया शेखपुरा के बुजुर्गों को विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को बड़ा सम्मान दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र जमुनिया तालाब, उप स्वास्थ्य केंद्र शेखपुरा, श्यामपुर रोड से ग्राम मुंजखेड़ा तक मार्ग निर्माण कार्य का भूमि पूजन और लोकार्पण विधायक सुदेश राय ने क्षेत्र के बुजुर्गों से कराया। गांव पहुंचने पर विधायक सुदेश राय का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों ने ढोल बजवाकर आतिशबाजी चलाकर मिठाई बांटकर, फूलों की वर्षा कर फूल मालाए पहनाकर स्वागत किया। भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र के सरपंच सचिव भाजपा मंडल पदाधिकारी ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता सहित प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र जमुनिया तालाब का निर्माण 55.08 लाख रुपए से किया गया है। उप स्वास्थ्य केंद्र शेखपुरा का निर्माण भी 55.08 लाख से हुआ है। श्यामपुर रोड से ग्राम मुंजखेड़ा तक मार्ग निर्माण 94.02 लाख रुपए से होगा। विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र के चौमुखी विकास की बात कही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव क्षेत्र के सांसद आलोक शर्मा प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर सक्रिय बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश के साथ मध्य प्रदेश जिला और हमारे विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो रहा है नई सड़के बना रही है अस्पतालों का निर्माण किया जा रहा है पुल भी बन रहे हैं कारखाने का भी निर्माण हो रहा है बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है किसानों को उपज का सही दाम मिल रहा है। भूमि पूजन लोकार्पण कार्यक्रम में प्रमुख रूप दोराहा भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, गोविंद पाटीदार, जिला मंत्री दिनेश मेवाड़ा, एलम दांगी,अरविंद सिंह दांगी, पवन पाटीदार राम सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण जन मौजूद रहे।

विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निरीक्षण, गणवत्ता बनाए रखने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विभिन्न वार्डों में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 1 में पार्टी क्षेत्र में बन रही नाली, वार्ड क्रमांक 2 की देव नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन सड़क, वार्ड क्रमांक 23 के संजय नगर में बन रही सड़क एवं वार्ड क्रमांक 22 में बन रही रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदारों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द सुविधाओं का लाभ मिल सके।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जा रहे हैं। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि ऐसे गुणवत्तापूर्ण कार्य करना है, जो लंबे समय तक नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हों। इसी उद्देश्य से निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, नाली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों की समस्याओं और सुझावों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने स्थानीय नागरिकों से भी चर्चा की और निर्माण कार्यों को लेकर उनके सुझाव एवं प्रतिक्रियाएं जानीं। नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को लेकर अपनी बात रखी और संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।



पदयात्रा में कार्यकर्ताओं से भोपाल पहुंचने विधायक राय ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नागरिकों से विधायक सुदेश राय ने लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान अंतर्गत बुधवार को भोपाल में आयोजित होने वाली पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है। विधायक राय ने कहा कि इस जन-आंदोलन का हिस्सा विधानसभा क्षेत्र सीहोर के हर नागरिक को बना है। हम सबको मिलकर देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। अराजक ताकतों को परास्त करने के संकल्प के साथ हम सबको एकता एक जुटता दिखाना है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि बुधवार 4 नवम्बर 2026 को सुबह 10 बजे अटल पथ, टी टी नगर, भोपाल मैं हम सबको पहुंचना है लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान को सफल बनाना है। विधायक सुदेश राय ने मंगलवार को श्यामपुर दोराहा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अहमदपुर दोराहा श्यामपुर और सीहोर भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचने की अपील की है।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पेंशनरों ने शामिल होने की मांग की

सोनकच्छ। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने सोमवार को नौ सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। तहसील अध्यक्ष प्रहलाद सिंह बिजोनिया के नेतृत्व में एसडीएम आनंद मालवीया को सौंपे गए ज्ञापन का वाचन तहसील कार्यवाहक अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। ज्ञापन में पेंशनरों को जनवरी 2026 से महंगाई भत्ता देने और केंद्र के समान 3 प्रतिशत डीए घोषित करने की मांग की गई। साथ ही मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने, कैशलेस बीमा योजना में पेंशनरों से कर्मचारियों की तुलना में अधिक प्रीमियम नहीं लेने तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में पेंशनरों को भी शामिल करने की मांग उठाई गई। एसोसिएशन ने कहा कि पेंशनरों को मिलने वाले आर्थिक लाभ में कई-कई माह की देरी होती है और एरियर का भुगतान भी नहीं किया जाता। ज्ञापन में कोरोनाकाल, छठवें वेतनमान के 32 माह और सातवें वेतनमान के 27 माह के एरियर का 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने की मांग की गई। इसके अलावा 80 वर्ष के स्थान पर 79 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ देने, कर्मचारियों की तरह पेंशनरों की उपादान राशि का भुगतान करने तथा जिला स्तर पर पेंशन कार्यालय स्थापित करने की मांग भी शामिल है।

वन समितियों को सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



मध्यप्रदेश स्थापना दिवस केअवसर पर रविवार को जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में बागली और जिनवानी वन परिक्षेत्र की 43 वन समितियों को करीब 20 लाख रुपए की सामुदायिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई। तेंदूपत्ता लाभांश से प्राप्त राशि से खरीदी गई इस सामग्री का वितरण महंत बद्रीदास महाराज, विधायक मुरली भंवरा, एसडीओ अंकित जामोद, जीनवानी रेंजर शौर्य खरे, बागली रेंजर अभिजीत साखले ने किया। एसडीओ जामोद ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य वन समितियों को संसाधन उपलब्ध कराने के साथ वन संरक्षण और सुरक्षा के कार्यों में उनकी भागीदारी को मजबूत करना है।

सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग में सुपर ओवर का हुआ रोमांच मुकाबला

वीडीसीए सीहोर ने केप भोपाल की टीम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन सोमवार को दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन के पहले मैच में वीडीसीए सीहोर और केप भोपाल के बीच कांटे की टक्कर हुई। निर्धारित ओवरों में दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहने के बाद मैच का फैसला सुपर ओवर से हुआ, जिसमें वीडीसीए सीहोर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केप भोपाल को पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में एलबी शास्त्री की टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए निखिल क्रिकेट जूनियर को 110 रन के विशाल अंतर से हराया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन अकादमी के डायरेक्टर जगदीश कुशवाहा, अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अकादमी के सीनियर कोच अतुल कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, महेन्द्र शर्मा, कोच चेतन मेवाड़ा, गौरव पिचोनिया और मयंक जैन सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सुपर ओवर में सीहोर ने मारी बाजी

दिन का पहला मुकाबला वीडीसीए सीहोर और केप भोपाल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी केप भोपाल की टीम 17।4 ओवर में 143 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अभय सिंह ने 45 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि चिरंजीव ने 36 रन, मनन शर्मा ने 15 रन, नितिन ने 11 रन और वेद ने 14 रन का योगदान दिया। वीडीसीए सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए पियुष सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट हासिल किए। विशांक शिंदे ने दो विकेट लिए, जबकि सचिन वर्मा और आनंद मेवाड़ा ने एक-एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीडीसीए सीहोर की टीम ने भी निर्धारित मुकाबले में आठ विकेट खोकर 143 रन बनाए। दोनों टीमों का स्कोर बराबर होने के कारण मैच का परिणाम सुपर ओवर से तय किया गया। सुपर ओवर में वीडीसीए सीहोर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 12 रन बनाए। जवाब में केप भोपाल की टीम केवल तीन रन ही बना सकी। इस तरह सीहोर की टीम ने सुपर ओवर के रोमांचक मुकाबले में शानदार जीत अपने नाम की।

एलबी शास्त्री ने 110 रन से जीता मुकाबला

दिन का दूसरा मुकाबला एलबी शास्त्री और निखिल क्रिकेट जूनियर के बीच खेला गया। इसमें एलबी शास्त्री की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 219 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी निखिल क्रिकेट जूनियर की टीम एलबी शास्त्री के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई और निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। पूरी टीम 109 रन ही बना सकी। इस प्रकार एलबी शास्त्री ने 110 रन के बड़े अंतर से मुकाबला जीत लिया।

नेहरू पार्क के जीर्णोद्धार के लिए कांग्रेस प्रवक्ता ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सोमवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने सीहोर नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन पार्क प्रभारी सुरेन्द्र कुशवाह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बस स्टैंड स्थित नेहरू पार्क की बदहाल स्थिति को शीघ्र ठीक किए जाने की मांग की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के नाम पर एक पार्क बना हुआ है, जो कि वर्तमान में बहुत ही जर्जर स्थिति में पहुंच गया है और यहां लगी पंडित नेहरू जी की मूर्ति भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई है। यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम ना होने से शाम के समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है, जिससे यहां आने वाले यात्रियों को खतरा बना रहता है।

उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू जी की जयंती में अब बहुत कम समय बचा है और इस पार्क में बहुत गंदगी पसरी हुई है तथा बड़ी-बड़ी घास उग रही है, जिसकी सफाई बाल दिवस से पहले कराया जाना अतिआवश्यक है, ताकि नेहरू जी की जयंती अच्छे से मनाई जा सके। पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति के आसपास गंदगी पसरी होना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। पंकज शर्मा ने जिला प्रशासन और सीहोर नगरपालिका से इस पार्क का शीघ्र ही जीर्णोद्धार कराने तथा यहां पर लाइट, पानी की टंकी और स्थाई सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था तथा नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल ऐसा नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करने पर विवश होगी।

जिले के 18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान में जिले में अब तक 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी भूखंडों के पात्र हितग्राहियों को संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा उनके संपत्ति अधिकारों को विधिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में राजगढ़ जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक कुल 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न की जा चुकी हैं। साथ ही जिले के 18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न, लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास जारी

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत राजगढ़ जिले में कुल 1,80,488 रजिस्ट्रियां पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा समन्वय के साथ कार्य किया जा रहा है। रजिस्ट्री प्रक्रिया को गति देने, लंबित प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कराने तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले में अब तक 57,620 रजिस्ट्रियां संपन्न होना अभियान के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही की प्रगति को दर्शाता है।

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से मैदानी अमले को मिल रहा मार्गदर्शन व सहयोग

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा रजिस्ट्री प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी श्री प्रताप सिंह चैहान तथा जिला मास्टर ट्रेनर श्री गोकुल जाटव द्वारा मैदानी अमले को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कंट्रोल रूम के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण कर रजिस्ट्री प्रक्रिया को सुगम एवं प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

18 राजस्व ग्रामों में शत-प्रतिशत रजिस्ट्री कार्य पूर्ण

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत राजगढ़ जिले के 18 राजस्व ग्रामों में सभी पात्र हितग्राहियों की रजिस्ट्रियां पूर्ण कर शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। इन ग्रामों में रजिस्ट्री प्रक्रिया पूर्ण होने से संबंधित पात्र हितग्राहियों को उनके आबादी भूखंडों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष राजस्व ग्रामों में भी रजिस्ट्री कार्य को गति देने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

प्रदेश के शीर्ष 20 उप पंजीयकों में राजगढ़ के 6 उप पंजीयक शामिल

स्वामित्व रजिस्ट्री अभियान के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक रजिस्ट्रियां करने वाले शीर्ष 20 उप पंजीयकों में राजगढ़ जिले के 6 उप पंजीयकों का शामिल होना जिले के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आने वाली तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के निराकरण के लिए भी आवश्यक समन्वय स्थापित किया गया है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस मंदसौर में युवा उत्सव उमंग 2026 का शुभारंभ आज

एकल नृत्य एवं समूह नृत्य जैसी विधाओं का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 4, 5 और 13 नवंबर 2026 को युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

प्राचार्य ने बताया कि 4 नवंबर को युवा उत्सव के तहत कार्टूनिंग, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, वाद विवाद, स्पॉट पेंटिंग, मिमिक्री, पोस्टर निर्माण, कॉलाज, भाषण प्रतियोगिता, (हिंदी और अंग्रेजी) लोक वाद्य यंत्र जैसी 11 विधाओं की प्रतियोगिता प्रातः 9:30 से आयोजित की जाएगी। दिनांक 5 नवंबर को वाद विवाद प्रतियोगिता (हिंदी) प्रश्न मंच, मुकाभिनय, एकांकी नाटक, स्किट नाटिका, एकल वादन (नॉन परकुशन), एकल वादन (पाश्चात्य), एकल वादन (परकुशन) विधाओं का आयोजन किया जाएगा।

दिनांक 6 नवंबर से 12 नवंबर दीपावली अवकाश के कारण युवा उत्सव के तृतीय दिवस की प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 नवंबर 2026 को किया जाएगा, जिसमें कोरियोग्राफी, एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गायन (पाश्चात्य), एकल गायन (शास्त्रीय), समूह गायन (भारतीय), सुगम गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य जैसी विधाओं का आयोजन किया जाएगा। जो विद्यार्थी इन विधाओं में भाग लेने के इच्छुक है वह महाविद्यालय के निर्धारित यूनिफॉर्म और अपने परिचय पत्र तथा दसवीं की अंक सूची के साथ महाविद्यालय में प्रातः 9:30 बजे से संपर्क कर सहभागिता कर सकते हैं। प्रतिभागी की आयु 01 जुलाई, 2026 को 25 वर्ष से अधिक न हो ।

पटाखा बाजार की तैयारियों का नपाध्यक्ष ने लिया जायजा

कृषि मंडी परिसर में सजेगा पटाखा बाजार, दिए निर्देश

सारंगपुर। दीपावली पर्व को देखते हुए शहर में पटाखा बाजार लगाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी के तहत सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर का निरीक्षण कर पटाखा बाजार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बाजार में सुरक्षा एवं सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष पालीवाल ने पटाखा दुकानों के लिए निर्धारित स्थल का अवलोकन किया और दुकानों की व्यवस्थित रूप से स्थापना, आवागमन की सुविधा तथा आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि दीपावली के दौरान पटाखा बाजार में बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे में व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए। दुकानदारों और ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पहले से ही सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रबंध समय पर पूरे करने के निर्देश भी दिए।

नगर परिषद व पुलिस प्रशासन ने किया स्थल चयन

दीपावली पर पटाखा बाजार आवास कॉलोनी स्टेडियम ग्राउंड में लगेगा, फायरब्रिगेड मौके पर खड़ी रहेगी

जीरापुर। दीपावली पर्व को देखते हुए नगर में आतिशबाजी एवं पटाखों की दुकानों के संचालन के लिए नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से स्थल का चयन किया गया। थाना प्रभारी एवं नगर परिषद अधिकारियों के नेतृत्व में आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड को आतिशबाजी बाजार के लिए निर्धारित किया गया है। यहां दीपावली के अवसर पर पटाखों की दुकानें लगाई जाएंगी। स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आतिशबाजी बाजार की व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी ली तथा दुकानों के संचालन के लिए स्थान निर्धारित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, सीएमओ देवनारायण दांगी, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, सब इंस्पेक्टर अरुण जाट, ओंकार सिंह मण्ड़लोई , दरोगा आजाद झावा, मोहन झावा सहित पटाखा व्यापारी, नगर परिषद कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सीएमओ देवनारायण दांगी ने बताया कि सभी आतिशबाजी विक्रेताओं को कहा गया कि एवं पानी कि बाल्टी भरकर रखे। फायरब्रिगेड मौके पर खड़ी रहेगी।



पारंपरिक वेशभूषा और डांडिया रास से सजी महावीर इंटरनेशनल की डांडिया नाइट्स, मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न

महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा लॉयन डैन में भव्य डांडिया नाइट 2026 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस गरिमामय सांस्कृतिक आयोजन में संस्था के वीर-वीरांगनाओं और उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पारंपरिक गरबा और डांडिया रास का जमकर आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान फ्रीस्टाइल डांडिया रास के साथ-साथ पारिवारिक सौहार्द, मधुर संगीत और रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा का अद्भुत और आकर्षक संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन में बेस्ट ड्रेसअप कपल, बेस्ट कपल, महिला गरबा परफॉर्मेंस तथा बच्चों की गरबा प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका सीए दिनेश मूणत एवं प्रीति मूणत ने निभाई।

प्रतियोगिताओं के घोषित परिणामों में बेस्ट ड्रेस अप कपल का पुरस्कार आयुष एवं प्रज्वी जैन को तथा बेस्ट कपल का पुरस्कार अमन एवं शुभी गर्ग को प्रदान किया गया। महिला गरबा प्रतियोगिता में रुचि दिलीप गर्ग ने प्रथम, स्वीटी यश चौधरी ने द्वितीय और सोनल राहुल बाबेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बच्चों की गरबा प्रतियोगिता में सानवी कुदार ने प्रथम, सानवी चौधरी ने द्वितीय तथा श्रीशल पोरवाल ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया।

इस सफल कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव ऋषभ फांफरिया एवं महासचिव योगेश भट्ट ने संयुक्त रूप से किया। उपस्थित सदस्यों ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए संस्था अध्यक्ष अरविंद कुदार एवं उनकी पूरी टीम के अथक प्रयासों की जमकर सराहना की।

धनतेरस पर अमलेश्वर महादेव मंदिर में कुबेर देव के दर्शन का लाभ लें



मन्दसौर। धनतेरस एवं धन्वन्तरि जयंती के अवसर पर अफीम गोदाम परिसर में स्थित अमलेश्वर महादेव मंदिर में कुबेरदेव जी के दर्शन का लाभ लें।

यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल गुरू एवं सचिव सुरेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 6 नवम्बर, शुक्रवार को इस अवसर पर प्रातः 10 बजे एवं सायं 7 बजे महाआरती का भी आयोजन है। गुरू एवं शर्मा ने भक्तों से कुबेरदेवजी के दर्शन एवं आरती में भाग लेने का आग्रह किया है।

हुतात्मा दिवस पर विहिप-बजरंग दल के शिविर में कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



कुरावर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस के उपलक्ष्य में नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग सहसंयोजक हर्षवर्धन सिंह तोमर, डॉ. राजकुमार कुरावर एवं डॉ. नरेश गवली द्वारा राम दरबार के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर हर्षवर्धन सिंह तोमर ने अपने उद्बोधन में हुतात्मा दिवस मनाए जाने के उद्देश्य, इसके ऐतिहासिक महत्व एवं इसके पीछे के कारणों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न सामाजिक एवं वैचारिक विषयों पर भी जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जिला मंत्री राजू मीणा, मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती जयशीला चंद्रवंशी सहित जिले एवं प्रखंड के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन पर प्रखंड अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने अतिथियों, जिला ब्लड बैंक की टीम एवं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

अभिव्यक्ति ओपन माइक के 25वें संस्करण का भव्य आयोजन, 33 कलाकारों ने बिखेरी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मन्दसौर



कला को बढ़ावा देने और छुपे हुए कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से अभिव्यक्ति ओपन माइक संस्था द्वारा 25वां ओपन माइक कार्यक्रम का सफल आयोजन कल नगर पालिका सभागृह, गांधी चौराहा मन्दसौर में किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, सुबेदार एंव पूर्व यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान एवं कालूराम राठौर उपस्थित रहे।

उदबोधन के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला ने कहा कि ओपन माइक के ये सभी प्रतिभागी मन्दसौर के नए गौरव हैं, इन्हें गौरव दिवस जैसे अवसरों पर मौका दिया जाना चाहिए ताकि मन्दसौर का नाम गौरवान्वित हो। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि कलाकार सरस्वती का रूप होते हैं और सभी प्रतिभागियों को अपनी कला से समाज को नई दिशा देनी चाहिए।कार्यक्रम का सफल संचालन एंकर हेमंत कछावा ने किया। इस दौरान 33 प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।प्रस्तुति के रूप में सुजिता पंवार (सिंगिंग), दक्ष पंवार (सिंगिंग), बरखा बैरागी (सिंगिंग), राम जी (सिंगिंग), हर्षिता बैरागी (सिंगिंग), विजय गोयल (सिंगिंग), अग्रिम जैन (सिंगिंग), नरेन्द्र सागोरे (सिंगिंग), जीतू रफी (सिंगिंग), विष्णु राठौर (सिंगिंग), रोहित कमलवा (कवि), गोपाल ग्वाला (मेमोरी), प्रशांत विश्वकर्मा (सिंगिंग), कुसुमेश चौहान (सिंगिंग), श्याम सुंदर विश्वकर्मा (पोएट्री), धीरज कुमार (शायरी), विदित मालवीय (हारमोनियम), आरोही मालवीय (डांसिंग), चंद्रप्रकाश (सिंगिंग), दिव्यांश देवड़ा (तबला वादक), जीवन कुमावत (पोएट्री), हेमंत भट्ट (सिंगिंग), दिलीप श्रीवास्तव (सिंगिंग), जगदीश दानगढ़ (सिंगिंग), प्रिया पंवार (सिंगिंग), बबलू शाह (सिंगिंग), आशा शर्मा (सिंगिंग), पायल प्रजापत (शायरी), कुणाल राज पंवार (सेक्सोफोन), उदय सिंह (सिंगिंग), दिलीप प्रजापत (सिंगिंग), एंकर हेमंत कछावा (मिमिक्री), शैलेंद्र सिंह चौहान (सिंगिंग) द्वारा प्रस्तुतियां दी।अंत में सभी 33 प्रतिभागियों को मुख्य अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया



जीरापुर। नगर के एडवांस किड्स एकेडमी में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास, वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं प्राकृतिक सुंदरता पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश की संस्कृति एवं परंपराओं को दर्शाता मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही भाषण एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रदेश के प्रति अपने प्रेम एवं गौरव की भावना को अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ई. के. जोशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को प्रदेश की गौरवशाली विरासत पर गर्व करने तथा उसके विकास एवं प्रगति में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने कहा: प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल

शराब माफिया द्वारा खातेगांव थाना प्रभारी की हत्या के विरोध में जिला कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला, भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर





देवास जिले के खातेगांव थाने के प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई निर्मम हत्या तथा प्रदेश में शराब, रेत एवं खनिज माफियाओं के बढ़ते आतंक और बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा गांधी चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, विधायक विपिन जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए माफियाओं पर सख्त कार्रवाई और प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि देवास जिले के खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई हत्या प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जब प्रदेश में पुलिस अधिकारी ही माफियाओं के हमलों से सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास ही गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है, वहीं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा आबकारी मंत्री हैं। इसके बावजूद प्रदेश में शराब माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। गुर्जर ने कहा कि प्रदेश के बड़े एमडी ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े मामलों में भी मंदसौर जिले के लोगों के नाम सामने आ चुके हैं। शराब माफिया, डोडाचूरा माफिया, एमडी ड्रग्स माफिया, रेत माफिया और भूमाफिया के अवैध कारोबार को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन माफियाओं को भाजपा सरकार में राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है और इनके संबंध सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधियों के आसपास तक दिखाई देते हैं। प्रदेश में माफिया तंत्र पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होना शासन-प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है।

गुर्जर ने कहा कि जब प्रदेश में जहरीली शराब से मौतें हो रही हैं, पुलिस अधिकारी माफियाओं के हमलों का शिकार हो रहे हैं और अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है, तब इसकी नैतिक जिम्मेदारी भी सरकार को लेनी चाहिए। विधायक विपिन जैन ने कहा कि पूरे प्रदेश में जहरीली शराब की बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो आम नागरिकों के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि जहरीली शराब के अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा इस कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। खातेगांव थाना प्रभारी की हत्या की घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। सरकार को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर प्रदेश में शराब, रेत एवं खनिज माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई, अवैध नशे के कारोबार पर रोक, पुलिस एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम के अंत में खातेगांव थाना प्रभारी स्वर्गीय श्री दिलीप पुरी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता हनीफ शेख, अजय लोढ़ा, मंजीत सिंह टुटेजा, अजहर हयात मेव,, तरुण खींची, बालेश्वर पाटीदार, ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, विजेश मालेचा, यूनुस मेव, रूपल संचेती, राखी सत्रावाला,, निर्विकार रातडिया,, सुनील गुप्ता, आदित्य पाटिल, मनोहर नाहटा,, वसीम खान, मीना चौहान, न्याय अहमद, बसंतीलाल कुमावत, सुनील पामेचा, वर्षा सांखला, नम्रता, साबिर शाह, नयाज अहमद, दुर्गेश चंदेल, सम्यक जैन, रमेश बृजवानी, रवींद्र पाटीदार, आशाराम कुमावत, आशंसु संचेती, सरफराज मेव, अजित कुमथ, संजय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की अपर कलेक्टर ने की समीक्षा



सीहोर। अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना ने सीहोर तहसील में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दस्तावेजों के पंजीयन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पंजीयन कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्य में आ रही समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में चर्चा की। अपर कलेक्टर श्री सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और आपसी समन्वय के साथ प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं पटवारी उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष के लिए आवेदन आमंत्रित

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से 'विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026-27' के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना के अंतर्गत चयनित मेधावी विद्यार्थियों को शीर्ष विदेशी विश्वविद्यालयों और संस्थानों में स्नातकोत्तर, शोध उपाधि तथा पोस्ट-पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद ऑनलाइन आवेदन लॉक कर सकते हैं। प्रोफाइल पंजीयन के लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र का लिंक होना आवश्यक है। ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के 15 दिनों के भीतर आवेदन का प्रिंटआउट और सभी स्वप्रमाणित दस्तावेजों (जैसे अंकसूची, ऑफर लेटर, QS रैंकिंग प्रमाण) की प्रतियां आयुक्त कार्यालय, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण (विंध्याचल भवन, द्वितीय तल, 'क'/'ख' विंग, भोपाल - 462004) में डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से जमा करना अनिवार्य है। पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पूरे वर्ष चालू रहेगी।

कराते में गुंजन नागले ने जीता स्वर्ण पदक

सीहोर। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, सीहोर की छात्रा कु. गुंजन नागले ने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। 3 नवंबर 2026 को लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, भोपाल में आयोजित नोडल लेवल कराते प्रतियोगिता 2026-27 में गुंजन ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई टीएल बैठक

खाद-बीज और कीटनाशकों में मिलावट करने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और क्रय-विक्रय पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश पटाखा दुकानों पर अग्निशमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई सहित विभिन्न विभागों के लंबित पत्रों एवं प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का प्राथमिकता से समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने तथा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं क्रय-विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से शराब का निर्माण, परिवहन, भंडारण अथवा बिक्री पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से सतत निगरानी रखने और अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में खाद, बीज एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज एवं कीटनाशक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराए जाएं। इन सामग्रियों में मिलावट करने, अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने, स्टॉक एवं वितरण की जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, इछावर एसडीएम स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, प्रेम सिंह गौड, गिरीराज सिंह परिहार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले में संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न विकास परियोजनाओं तथा निर्माण कार्यों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन के प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखें तथा राजस्व अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि की उपलब्धता एवं अभिलेखों की जांच कर आवंटन संबंधी प्रस्तावों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास एवं जनहित से जुड़े निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ होकर निर्धारित अवधि में पूर्ण हो सकें।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर जब्त की अवैध शराब

जिले भर में की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देवास जिले में जहरीली शराब पीने से हुई घटना के मद्देनजर कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार सीहोर जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण, क्रय-विक्रय, परिवहन एवं चौर्यनयन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की गई।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि वृत्त आष्टा के ग्राम कजलास में दबिश देकर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एक प्रकरण दर्ज किया गया। इस दौरान 15 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं 280 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं सीहोर-भोपाल हाईवे स्थित दरबार ढाबे पर कार्रवाई करते हुए 18 पाव देसी प्लेन मदिरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा ग्राम भीलखेड़ी में भी एक आरोपी के कब्जे से 5 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। इसी क्रम में वृत्त बुधनी, भैरेंदा क्षेत्र में आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा कार्रवाई करते हुए 6 प्रकरण दर्ज कर 4.5 बल्क लीटर देसी मदिरा, 8.49 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 10 लीटर कच्ची शराब एवं 410 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 9 प्रकरण दर्ज कर 43 पाव देसी मदिरा, 18 पाव विदेशी मदिरा, 9 बोतल बीयर, 30 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एवं 690 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 80 हजार 390 रुपये आंका गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, आबकारी मुख्य आरक्षक ललित गीते, आबकारी आरक्षक आकाश कोरी, सत्यवान वर्मा, शिखा और नगर सैनिकों का सराहनीय योगदान रहा।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा को लेकर विधायक कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी द्वारा भोपाल में 4 नवम्बर बुधवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के संदेश को लेकर भोपाल में अटल पथ से प्रातः 10 बजे से विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया है। भोपाल में आयोजित उक्त पदयात्रा को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथसिंह जी संबोधित करेंगे। लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्थिति में विधायक कार्यालय में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला पदाधिकारी, आष्टा नपा,जावर-कोठरी नप के अध्यक्षों,युवा मोर्चा,महिला मोर्चा सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को विधायक गोपालसिह इंजीनियर, अभियान के जिला प्रभारी धारासिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा आदि ने संबोधित कर उक्त अभियान की जानकारी दी। बैठक में विशाल चौरसिया,शिव पाटीदार,विजेन्द्र सिंह ठाकुर, राधेश्याम दलपति, सोनू गुणवान, सुशील संचेती, उमेश शर्मा, पिंटू परमार, नरेंद्रसिंह ठाकुर, राकेश सिसोदिया, महेंद्र सिंह ठाकुर,ऋतु जैन, संध्या बजाज, तारा कटारिया, गिरजा कुशवाह, जयसिंह ठाकुर, मोहित सोनी, धर्मेन्द्र परमार, शुभम ठाकुर, यशवंत ठाकुर, नारायणसिंह पटेल, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, फूलसिंह ठाकुर, नरेश परमार,दिनेश परमार, जितेंद्र सोलंकी, आनन्द जैन आदि उपस्तिथ रहे। बैठक का संचालन विशाल चौरसिया ने एवं आभार उमेश शर्मा ने व्यक्त किया।

सुकून की रसोई ने परोसी एक लाख भोजन की थाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवा और समर्पण की भावना से टीम संडे का सुकून द्वारा शुरू की गई 'सुकून की रसोई' ने एक अनूठा मुकाम हासिल किया है। जिला चिकित्सालय सीहोर में मरीजों के परिजनों को पिछले दो वर्षों से निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराने की इस पहल के तहत अब तक एक लाख थालियां परोसी जा चुकी हैं। खास बात यह है कि यह सेवा पूरी तरह जीरो वेस्ट भंडारे की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें सिंगल यूज डिस्पोजल का उपयोग किए बिना प्रेम और अपनत्व के साथ शुद्ध एवं पौष्टिक भोजन परोसा जाता है। नवंबर 2024 में शुरू हुई यह अनूठी मुहिम अब 666 दिनों का सफर पूरा कर चुकी है। इस अभियान से न केवल प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से, बल्कि विदेशों में रहने वाले लोग भी जुड़कर सहयोग कर रहे हैं। सुकून की रसोई ने समाज में सेवा और सहयोग की नई मिसाल कायम की है। सैकड़ों परिवारों ने अपने बच्चों के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और बुजुर्गों की पुण्यतिथि जैसे अवसरों पर पारंपरिक पार्टियों के स्थान पर भोजन सेवा को चुना है।

इससे भोजन कराने वाले और भोजन ग्रहण करने वाले, दोनों को आत्मिक संतोष और सुकून मिल रहा है। लोगों से मिल रहे सहयोग और स्नेह के चलते अब रसोई द्वारा सुबह के साथ शाम को भी भोजन वितरण शुरू कर दिया गया है। टीम के सदस्यों के साथ कई सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक भी प्रतिदिन इस सेवा कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। सुकून की रसोई द्वारा एक लाख भोजन थाली परोसी गई है।

बमुलिया रायमल में गरबे का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील के समीपस्थ ग्राम बमुलिया रायमल में गरबे का कार्यक्रम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का मंचन हुआ विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 7 दिन से चल रहे मां अम्बे के गरबे में जगह जगह से पधारे कलाकार हर वर्ष अलग अलग डांसर आते हैं एवं अपनी कला से शानदार प्रस्तुति देते हैं वहीं पर रामलीला का आयोजन भी कलाकारों द्वारा किया जाता है एवं मां अम्बे की साई कालीन पांच आरती की जाती है मां अम्बे के दरबार में सभी की मनोकामना पूर्ण होती है प्रतिदिन मां अम्बे के दरबार में तुलादान होते हैं एवं प्रतिदिन प्रसादी वितरण की जाती है मंगलवार को बड़े ही धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ सभी ग्रामवासी ने मिलकर मां अम्बे के कलश का विसर्जन किया मंच संचालन जसरथ सिंह तेजाजी एवं विरेन्द्र सिंह ठाकुर प्रतिवर्ष करते हैं एवं अपनी सेवा तम मन से मां अम्बे के दरबार में देते हैं।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित हुए विधिक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नालसा, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत 1 से 6 नवंबर तक चयनित विद्यालयों में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा, संरक्षण एवं बाल हितों से जुड़े कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में ब्राइट केरियर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश दीपेंद्र मालू ने विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, शिक्षा के अधिकार, सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण में जीवन जीने तथा बाल शोषण से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुरक्षित स्थिति में अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों को तत्काल जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, विद्यालय की प्राचार्य निधि गुप्ता एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इसी तरह मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्नश्री सिंह ने विद्यार्थियों को बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कानून जागो, बचपन बचाओ' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बाल श्रम, बाल विवाह, लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के संबंध में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को समझाया गया कि किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न अथवा अनुचित व्यवहार की स्थिति में चुप न रहें और इसकी जानकारी अपने विश्वसनीय अभिभावक, शिक्षक या संबंधित प्राधिकरण को दें। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं नालसा टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी, विद्यालय की प्राचार्य मीता सक्सेना, शिक्षक दिनेश वर्मा और धर्मेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

दिव्यांग बच्चों के साथ मारवाड़ी महिला मंडल ने मनाई दीपावली, उपहार बांटकर बांटी खुशियां

विशेष विद्यालय के बच्चों ने तैयार किए मिट्टी के आकर्षक दीपक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी लाने का संदेश देता है। इसी भावना के साथ अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल ने सोमवार को शहर के कोलीपुरा के समीप वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वसुंधरा विशेष विद्यालय पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के बीच दीपावली की खुशियां साझा कीं।

महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने बच्चों को मिठाई, पटाखे और उपहार वितरित किए। इस दौरान बच्चों के साथ खुशियां मनाई गईं और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उनके द्वारा तैयार किए गए मिट्टी के सुंदर दीपकों की खरीदारी भी की गई।वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने आत्मनिर्भरता और रचनात्मक कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने हाथों से मिट्टी के आकर्षक दीपक तैयार किए हैं। बच्चों ने इन दीपकों को बेहद मेहनत और लगन से बनाया, सजाया और पैक किया है। महिला मंडल की सदस्यों ने बच्चों की इस कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए दीपकों की खरीदारी की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला ने कहा कि इन बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन और कला से दीपकों को बहुत ही सुंदर रूप दिया है। प्रत्येक दीपक में उनकी मेहनत और रचनात्मकता झलकती है। समाज का दायित्व है कि वह इन बच्चों की प्रतिभा को पहचान दे और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करे। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इन बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीपक अपने घरों और प्रतिष्ठानों में लगाने के लिए खरीदें। नागरिकों का छोटा-सा सहयोग भी इन बच्चों के आत्मविश्वास को नई उड़ान दे सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि त्योहारों की असली खुशी तभी सार्थक होती है, जब समाज के प्रत्येक वर्ग को उसमें सहभागी बनाया जाए और जरूरतमंद बच्चों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए सभी मिलकर प्रयास करें।

विशेष बच्चों के दीपकों का लगेगा स्टॉल

वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के संचालक अर्जुन मेवाड़ा ने बताया कि इस बार दीपावली पर आस्था और सामाजिक सरोकार को जोड़ते हुए एक विशेष पहल की जा रही है। विद्यालय के विशेष बच्चों द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए मिट्टी के दीपकों का स्टॉल लगाया जाएगा। इसके माध्यम से शहरवासी बच्चों की मेहनत और हुनर से तैयार दीपक खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को अपनी कला के माध्यम से आगे बढ़ने, आत्मविश्वास विकसित करने और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे पर्व पर इन बच्चों की बनाई वस्तुओं को अपनाकर समाज उनके जीवन में भी खुशियों का उजाला ला सकता है। ऐसे प्रयास बच्चों को यह विश्वास दिलाते हैं कि उनकी प्रतिभा का सम्मान करने वाले लोग समाज में मौजूद हैं।

महिला मंडल का किया सम्मान

कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू शैलेष अग्रवाल, विनीत सोनी, सरोज सोनी, किरण सोनी, राजू पालीवाल, शशि विजयवर्गीय, मंजू भरतिया, प्रेमलता रुठिया, ज्योति सोनी, मोनिका चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के अन्य सदस्यों ने महिला मंडल की पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत करते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट की।

विस में की संगठनात्मक नियुक्तियां, पार्टी को मजबूत करने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की विधानसभा स्तरीय बैठक 2 नवंबर 2026 को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नवीन भैरवे, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आष्टा विधानसभा में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। बैठक में अर्जुन पैरवाल एवं राधेश्याम अटेरिया को विधानसभा प्रभारी तथा गोरेलाल जी को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन नियुक्तियों के माध्यम से आष्टा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बसपा पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को मजबूत बनाने तथा पार्टी के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।